महत्वपूर्ण / ईमेल

प्रेषक,

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)

**सेवा में,**

**समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी**
**उत्तराखण्ड**

**पत्रांकः** उ०वि०शि०प० / शोध–पाठ्य0 / रेशे0पाठ्य–संशो0 / 159–67 / 2023–24 दिनांक 21 जुलाई, 2023

**विषयः सत्र 2023–24 से कक्षा–9 में भाषा विषयों के रेशेनेलाइज्ड पाठ्यक्रम व संशोधित पैटर्न के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के पूर्व निर्गत पत्रांकः उ०वि०शि०प० / शोध–पाठ्य0–संशो0 / 03–10 / 2023–24 दिनांक 17 अप्रैल, 2023 तथा पत्रांकः उ०वि०शि०प० / शोध–पाठ्य0–संशो0 / 17–38 / 2023–24 दिनांक 04 मई, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करेंगे, जिसके माध्यम से आपको अवगत कराया गया था कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के आलोक में सत्र 2023–24 हेतु हाईस्कूल एवम् इण्टरमीडिएट स्तर पर विभिन्न विषयों की Rationalized पाठ्यसामग्री को परिषद् की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इसी क्रम में आपके संज्ञान में लाया जाना है कि सत्र 2023–24 से कक्षा 9 में भाषा विषयों के प्रश्नपत्र पैटर्न में बहुविकल्पीय प्रश्नों आदि का समावेश कर आंशिक संशोधन किया गया है, जो तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगा। भाषा विषयों का उक्तानुसार संशोधित पाठ्यक्रम / पैटर्न परिषद् की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** के **SYLLABUS** लिंक पर अपलोड कर दिया गया है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है इस सम्बन्ध में अपने जनपद में अधीनस्थ अधिकारियों, समस्त संस्थाध्यक्षों, विषयाध्यापकों व विद्यार्थियों को यथासमय अवगत कराने हेतु अविलम्ब आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।

(डा० नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

**पृ0 सं0**– उ०वि०शि०प० / शोध–पाठ्य0 / रेशे0पाठ्य–संशो0 / 159–67 / 2023–24 दिनांक उक्तवत्।

**प्रतिलिपि निम्नांकित की सेवा में सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड / सभापति, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, देहरादून।
3. निदेशक, अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण उत्तराखण्ड, देहरादून।
4. अपर निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0 उत्तराखण्ड, देहरादून को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. मण्डलीय अपर निदेशक, कुमाऊँ, नैनीताल / गढ़वाल, पौड़ी।
6. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) उत्तराखण्ड *(द्वारा सम्बन्धित मुख्य शिक्षा अधिकारी)*।
7. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड *(द्वारा सम्बन्धित मुख्य शिक्षा अधिकारी)*।
8. समस्त संस्थाध्यक्ष उत्तराखण्ड *(द्वारा सम्बन्धित मुख्य शिक्षा अधिकारी)*।

(डा० नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।